भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +1368
सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एक विरासत को गोद लेने के अंतर्गत असम में नए पर्यटन स्थल को शामिल करना

+1368.श्री पल्लब लोचन दास:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एक विरासत 'अपनी धरोहर, अपनी पहचान' योजना के अंतर्गत असम के गोद लिए गए पर्यटन स्थलों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि असम में अनेक पर्यटक स्थलों/विरासतों/प्राकृतिक/पर्यटक स्थल तथा स्मारकों में मूलभूत पर्यटक सुविधाओं और प्रसुविधाओं की कमी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधित ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार विरासत परियोजना गोद लेने के अंतर्गत असम के किसी नए पर्यटक स्थल को शामिल करने की योजना बना रही है; और

(ङ.) सरकार द्वारा पर्यटक स्थलों को पर्यटक हितैषी गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) एक विरासत अपनाएं 'अपनी धरोहर, अपनी पहचान' परियोजना में असम का कोई पर्यटन स्थल शामिल नहीं है।

(ख), (ग) और (ङ.) असम राज्य में पर्यटक स्थलों को पर्यटक हितैषी स्थलों के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण **अनुबंध** में है।

(घ) स्थलों की सक्षिप्त जारकारी सहित विरासत स्मारकों/स्टैंडअलोन संरचनाओं/पर्यटक स्थलों की सूची साझा करने के अनुरोध के साथ एक विरासत को अपनाएं परियोजना का विवरण असम राज्य सरकार के साथ भी साझा किया गया है, जिन्हें "एक विरासत अपनाएं" परियोजना के तहत गोद लेकर बढ़ावा दिया जा सकता है। राज्य सरकार से सूची अभी प्राप्त नहीं हुई है।

****

अनुबंध

एक विरासत को गोद लेने के अंतर्गत असम में नए पर्यटन स्थल को शामिल करना के सम्बन्ध में दिनांक 06.12.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +1368 के भाग (ख), (ग) और (ड.) के उत्तर में **विवरण।**

तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन '(प्रसाद) योजना के तहत असम राज्य में स्वीकृत परियोजना (परियोजनाएं)

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**परियोजना सं**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**निर्मुक्त राशि**
चल रही परियोजनाओं की सूची						
1	**असम**	1.	गुवाहाटी और उसके आसपास कामाख्या मंदिर और तीर्थ स्थल का विकास**	2015-16	29.99	29.99

असम राज्य में केंद्रीय एजेंसी को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजना (एं)

(लाख रु में)

क्र. सं.	**वर्ष**	**राज्य का नाम**	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**
1	2019-20	उत्तर प्रदेश (वाराणसी और इलाहाबाद-I, इलाहाबाद-II), बिहार (भागलपुर), पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम (नेमाटी, पांडु, जोगीघोपा और विश्वनाथघाट) - 12.44 करोड़ रुपये।	राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के चढ़ने/उतरने के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर घाटों के विकास के लिए सीएफए	आईडब्लूएआई	2803.05

स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम में स्वीकृत परियोजनाएं

(करोड़ रु में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	**असम**	वन्यजीव परिपथ	2015-16	मानस-प्रोबितोरा-नामेरी- काजीरंगा-डिब्रू-साईखोवा का विकास	94.68	86.51
2	**असम**	विरासत परिपथ	2016-17	तेज़पुर – माजुली – सिबसागर का विकास	90.98	72.78
				कुल	**185.66**	**159.29**

****